## मेट्रो प्रोजेक्ट से बाहर हुई तुर्की की कंपनी

इंदौर (ई)। भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट में तुर्की की कंपनी भी काम कर रही थी। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही कंपनी का विरोध शुरू हुआ था। जिसके बाद अब बड़ा एक्शन हुआ है। भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट से तुर्की की कंपनी को बाहर किया गया है। बताया जा रहा है कि तुर्की की कंपनी से 45 गेट बुलाए गए थे, जिन्हें इंस्टॉल करने से मेट्रो कॉर्पोरेशन ने मना कर दिया है। वहीं 186 रोड़ रुपए का टेंडर भी निरस्त करने की तैयारी है। दरअसल, ऑपरेशन सिंदूर के वक्त तुर्की ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया था और पाक को ड्रोन सप्लाई किए थे। इसके बाद भोपाल-इंदौर मेट्रो में काम कर रही तुर्की की कंपनी का विरोध शुरू हुआ था। बात दें कि तुर्की की कंपनी को 186 करोड़ का काम भोपाल मेट्रो के तहत मिला था, इस अब निरस्त किया जा रहा है, इसके तहत भोपाल में 199 और इंदौर मेट्रों में 227 गेट तुर्की की कंपनी को लगाने थे, लेकिन विवाद के बाद फिलहाल यह काम निरस्त किया गया है। हालांकि बताया जा रहा है कि अक्टूबर तक भोपाल मेट्रो की शुरुआत करनी है, लेकिन अगर तब तक नई कंपनी नहीं आती है, तब फिर मैनुअल टिकटिंग शुरू करने की प्रोसेस शुरू होगी, क्योंकि केंद्र सरकार से भी तुर्की की कंपनी का ठेका निरस्त करने के आदेश मिल चुके हैं। वहीं भोपाल में कंपनी ने 45 गेट मंगवा लिए थे।

**इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 22 इंदौर**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक निमिषा जैन मोबाइल नं. .... के द्वारा झोन क्रं. 22 राजस्व विभाग पर सर्विस क्र. 1004385684 पर आवेदन प्रस्तुत कर पता मकान नं. 388 सॉलिटियर पार्क इंदौर के दर्ज नाम पर सम्पत्ति का वारिसनाते अनुसार नामांतरण चाहा गया है। पूर्व में खाते में रविन्द्र ठाकुर का नाम से दर्ज है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 15.08.2025 से 07 (सात) दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामान्तरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रं. 22 राजस्व विभाग में भवन अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्र. 22, नगर पालिक निगम, इंदौर**
इन्दौर समाचार

**इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 22 इंदौर**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रतिभा रेमण्ड जॉय एन्थोनी मोबाइल नं. .... के द्वारा झोन क्रं. 22 राजस्व विभाग पर सर्विस क्र. 1001012915 पर आवेदन प्रस्तुत कर पता मकान नं. 302 ब्लॉक एफ गोल्ड नरीमन पाईंट इंदौर के दर्ज नाम पर सम्पत्ति का वारिसनाते अनुसार नामांतरण चाहा गया है। पूर्व में खाते में श्रीमती सिनल बनिया पति राजेन्द्र बनिया का नाम से दर्ज है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 15.08.2025 से 07 (सात) दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामान्तरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रं. 22 राजस्व विभाग में भवन अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्र. 22, नगर पालिक निगम, इंदौर**
इन्दौर समाचार

**इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 22 इंदौर**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सोनिया दुबे पति आशीष कुमार दुबे मोबाइल नं. .... के द्वारा झोन क्रं. 22 राजस्व विभाग पर सर्विस क्र. 1001014381 पर आवेदन प्रस्तुत कर पता मकान नं. प्रकोष्ट 407 ब्लाक डी-II बालाजी स्काईज पिपल्याकुमार इंदौर के दर्ज नाम पर सम्पत्ति का वारिसनाते अनुसार नामांतरण चाहा गया है। पूर्व में खाते में अंजु शर्मा, योगेश शर्मा का नाम से दर्ज है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 15.08.2025 से 07 (सात) दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामान्तरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रं. 22 राजस्व विभाग में भवन अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्र. 22, नगर पालिक निगम, इंदौर**
इन्दौर समाचार

**मथुरा-वृंदावन के कलाकार सड़कों पर उतरकर अपनी कला और हुनर का करेंगे प्रदर्शन - अनेक स्वागत मंचों से होगी पुष्प वर्षा**

# यादव अहीर समाज की कृष्ण जन्माष्टमी पर कल निकलेगी भव्य शोभायात्रा-रहेगी अनेक झांकियां

**इंदौर । यादव अहीर समाज केन्द्रीय समिति के तत्वावधान में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर शनिवार, 16 अगस्त को सुबह 10.30 बजे बड़ा गणपति चौराहे से निकलने वाली भव्य शोभायात्रा में भगवान कृष्ण के जीवन चरित्र पर आधारित अनेक मनोहारी झांकियां तो आकर्षण का केन्द्र रहेंगी ही, एक फूलों से सुसज्जित रथ में विराजित भगवान ऱाधा-कृष्ण एवं लड्डू गोपाल के राथ को महिलाएं अपने हाथों से खींचते हुए चलेंगी। मथुरा और वृंदावन के लोक कलाकार सड़कों पर अपनी नृत्य कला की छटा बिखेरेंगे, वहीं बैंडबाजे, भजन, गरबा मंडलियां और अखाड़ों में शामिल पहलवान भी अपनी प्रस्तुतियां देते हुए चलेंगे।**




यादव अहीर समाज केन्द्रीय समिति के संरक्षक दीपू यादव, अध्यक्ष ओंकार यादव एवं निगम सभापति मुन्नालाल यादव, हरिनारायण यादव और जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव ने बताया कि जन्माष्टमी पर निकलने वाले जुलूस की भव्य तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। आयोजन समिति ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव, पूर्व मंत्री सचिन यादव, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, विधायक गोलू शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा, विधायक मेहन्द्र हार्डिया, पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल एवं विनय बाकलीवाल सहित सभी राजनीतिक दलों एवं विभिन्न समाजों के बंधुओं को भी अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। जन्माष्टमी के दिन सुबह 10.30 बजे बड़ा गणपति चौराहे पर गौपूजन एवं सुसज्जित रथ में विराजित राधा-कृष्ण की प्रतिमा और लड्डू गोपाल की पूजा के साथ जुलूस का शुभारंभ होगा। बड़ा गणपति से श्रम शिविर तक पहुंचने वाले इस जुलूस के मार्ग में 100 से अधिक स्वागत मंच बनाए गए हैं, जहां से समाजबंधुओं को फलाहार आदि का वितरण भी होगा तथा जगह-जगह पुष्प वर्षा भी होगी। अनेक नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण के श्रृंगार में सज-धजकर आएंगे। आयोजन समिति के रमेश उस्ताद, सुभाष यादव, कल्लन यादव, आर.डी. यादव, रामसमुझ यादव, प्रदीप यादव, बीएसएफ के पूर्व आईजी अशोक यादव ने बताया कि इस बार जुलूस में यादव विकास समिति, म.प्र. विद्युत मंडल परिवार की दो झांकियां, नंदवंशीय यादव अहीर समाज केशरबाग रोड की दो झांकी, निमाड़ युवा संगठन की दो सहित कुल 8 झांकियां इस जुलूस में शामिल रहेंगी, जिनमें भगवान कृष्ण के जीवन चरित्र पर आधारित माखन चोरी, गोपालन, कालियादेह मर्दन एवं अन्य प्रसंगों का जीवंत चित्रण किया गया है।



















